# नारीलोक

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल

अप्रैल 2023 अंक 297



अध्यक्षीय कार्यालय
NEELAM SETHIA
28/1 Shivaya Nagar 4th Cross
Reddiyur, Salem 636004. (TN)
9952426060
neelamsethia@gmail.com


## अध्यक्षीय अनुभूति

प्रिय बहनों,

आज किसी परिचित से वार्तालाप हो रही थी। उन्होंने कहा कि उनके पिताजी 20 रुपये बचाने के लिए 20 मिनट चल लेते थे और उनका बेटा 20 मिनट बचाने के लिए 200 रुपये खर्च करने से नहीं चूकता।

उनकी इस बात ने मुझे सोचने पर मजबूर कर दिया कि विकास के साथ इस भागदौड़ वाली जिन्दगी के युग में पीढ़ी अंतराल (जेनेरेशन गेप) की भावनाएं इसी प्रकार की सोच की उत्पत्ति है। ऐसा नहीं है कि हमारे पूर्वजों ने पाई–पाई बचा कर कोई गलती की, पर ऐसा भी नहीं है कि आज की युवा पीढ़ी हर समय व्यर्थ ही पैसे बहा रही है। सब कुछ समयानुसार अपनी–अपनी जगह सही है। पुराने जमाने में सम्पत्ति संचित करने की मानसिकता रही होगी, वर्तमान परिप्रेक्ष्य में समय बचाने की उपयोगिता ज्यादा नजर आ रही है।

'जेनेरेशन गेप' शब्द का उपयोग विभिन्न पीढ़ी और उनके बीच के अंतर को समझने के लिए किया जाता है। इसे एक पीढ़ी और दूसरी पीढ़ी के बीच घटित होने वाले सांस्कृतिक और पारंपरिक मूल्यों पर विचारों की शिथिलता कहा जा सकता है। जहां तक पैसों और समय को लेकर उपर्युक्त दृष्टान्त सही नजर आ सकता है, वहीं जेनरेशन गेप के कारण आज हम धर्म से लेकर रिश्तों तक एवं सामाजिक मूल्यों पर व्यापक असहमति देख सकते हैं। 'जेनेरेशन गेप' जैसा शब्द समाज में तेजी से हो रहे विकास के परिणामस्वरूप आया है। यह आजकल और अधिक गंभीर हो गया है क्योंकि निकटतम अतीत भी बहुत ज्यादा पुराना लगने लगा है और दुनिया प्रतिदिन अधिक उन्नत होती जा रही है।

लेकिन हम यदि सही दृष्टिकोण अपनाएं तो हम पाएंगे कि यह 'जेनेरेशन गेप' दो पीढ़ियों के बीच वार्तालाप एवं तालमेल की कमी को दर्शाता है। पुराने समय की मांग और आज के समय की जरूरत दो पीढ़ियों के बीच अंतर के कारण उत्पन्न करते हैं।

हम अपने घर–परिवार में भी दो पीढ़ियों की विचारधारा में सामान्य अंतर देख पाएंगे – चाहे वह टी.वी. चैनलों की पसंद हो या पसन्दीदा संगीत, चाहे किताबें हो या जीवनशैली, हर प्रकार के पसन्द में फर्क देखा जा सकता है। जिन आदर्शों को युवा पीढ़ी से प्रशंसा मिली, उन्हीं को अक्सर पुरानी पीढ़ी से अपमान का सामना करना पड़ा।

जब पुरानी पीढ़ी सोचती है कि उनके बच्चों को उनकी परंपराओं का पालन करना चाहिए जो उन्हें विरासत में मिली है, तो युवा पीढ़ी का मानना है कि परंपराएं उनके नैतिक एवं मौलिक विचारों तथा मूल्यों को कम करती है। बड़ों के कदम–दर–कदम पथदर्शन के विपरीत छोटों को अपनी क्षमता पर विश्वास होता है। नई पीढ़ी को घुसपैठ अस्वीकार्य है क्योंकि वे इसे पुराना मानते हैं। ऐसे समय में बुजुर्ग अक्सर हैरान रह जाते हैं कि कहां और क्या गलत हुआ? लेकिन यह सवाल कि कौन सही है और क्यों – कई मायनों में विवादित और अनुत्तरित रह जाता है।

एक तरफ बड़ों को छोटों को समकक्ष मानने की जरूरत है और उन्हें भावनात्मक रूप से खुद को विकसित करने के लिए पर्याप्त जगह देने की जरूरत है। उनकी निजता का सम्मान करना हमेशा अच्छा होता है। दूसरी ओर यह अनुभव ही है जो पुरानी पीढ़ी को सम्मानजनक और योग्य बनाता है।

बहनों! मेरा मानना है कि जेनरेशन गैप जैसी स्थिति के कारण हैं – समय साथ बिताने की कमी, परिपक्व संवाद का अभाव, अत्यधिक नियंत्रण, जीवनशैली और व्यक्तित्व में अंतर। जरूरत है कि हम और भावी पीढ़ी – दोनों ही मनोवैज्ञानिक और भावनात्मक अंतरालों को साझा करते हुए आपसी खाई को पाटने की कोशिश करें। दो अलग–अलग पीढ़ियों की बीच धारणा, विश्वास और विचारों के अंतर को कम करने का प्रयत्न करें। अनेकान्तवाद को समझें और मनन करें कि दो अलग–अलग पीढ़ियों के लोग एक ही अवधारणा के बारे में दो अलग–अलग दृष्टिकोण रख सकते हैं।

जेनरेशन गेप में न केवल माता–पिता और ना ही केवल बच्चे अकेले जिम्मेदार हैं। जहां बजुर्गों को बच्चों की मनस्थिति समझनी चाहिए वहीं युवाओं को भी बुजुर्गों के अनुभव का सम्मान करते हुए उनके आत्म–सम्मान की रक्षा करनी चाहिए। युवाओं को वरिष्ठों से सीखना पसंद करना चाहिए और उन्हें नई तकनीकों के बारे में सिखाना चाहिए। इस तरह दोनों अपने ज्ञान को बढ़ाते हुए जेनरेशन गैप के प्रभाव को कम कर सकेंगे। दो पीढ़ी के बीच की समस्या जेनरेशन गैप नहीं है, समस्या तो जेनरेशन ब्रिज है – जो कोई भी जेनरेशन बनाना नहीं चाहता। शुभम् अस्तु...

स्नेहाकांक्षी

नीलम सेठिया

## अमृत निर्झर



"एक दृष्टि से मानव जाति एक है व नय की दृष्टि से पूरा विश्व व प्राणी मात्र एक है। अपना-पराया व तेरा-मेरा का विचार संकीर्णता का विचार है पर अकीर्णता की दृष्टि से पूरा विश्व एक है। इस चिंतन के साथ व्यक्ति को सबके साथ एकता से रहने का प्रयास करना चाहिए। जहा ममत्व होता है वहां तेरा-मेरा की बात होती है। कुछ व्यक्तियों की सोच मेरा सो मेरा व तेरा भी मेरा वाली होती है। किन्तु उदार दृष्टि वाले सोचते हैं मेरा वो तेरा व तेरा भी तेरा। व्यक्ति का चिंतन उदार दृष्टिकोण उत्तम होता है।"

### पूज्यप्रवर की पावन सन्निधि में अहमदाबाद में आयोजित

# जैनधर्मोस्तु मंगलम्

दि. 15 मार्च 2023 को परम पूज्य आचार्य श्री महाश्रमणजी की पावन सन्निधि में अभातेममं के तत्त्वावधान में तेममं अहमदाबाद द्वारा गुजरात, मध्यप्रदेश एवं दिल्ली स्तरीय जैनधर्मोस्तु मंगलम् सेमिनार आयोजित हुआ।




**प्रथम सत्र**

प्रवचन के समय पूज्य गुरुदेव के महामंत्रोच्चार से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीलम सेठिया ने जैनधर्मोस्तु मंगलम् कार्यक्रम की संक्षिप्त जानकारी दी एवं आचार्य तुलसी शिक्षा परियोजना के अंतर्गत चल रहे पाठ्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि अब तक 625 तत्त्व प्रचेता, 125 तेरापंथ दर्शन प्रचेता एवं 75 जैन स्कॉलर बन चुके हैं। आज की कार्यशाला में 40 क्षेत्रों से 295 बहनें और अहमदाबाद से 650 बहनें सम्मिलित होने की जानकारी भी निवेदित की।

तेममं अहमदाबाद की बहिनों ने संस्कृत भाषा में सुंदर गीतिका की प्रस्तुति दी। साध्वीवर्या संबुद्धयशाजी ने 'जीवन जीने की कला कैसी हो?' विषय पर प्रेरणा प्रदान करते हुए फरमाया कि जैन जीवन शैली, जीवन परिवर्तन का एक सशक्त माध्यम बन सकता है। मुनिश्री दिनेशकुमारजी ने संवर-निर्जरा, व्रत-अव्रत, अगार धर्म-अनगार धर्म आदि जानकारी दी।

आचार्य श्री ने अपने प्रेरणा पाथेय में फरमाया कि जैन दर्शन हमारे भीतर प्रकटे, तभी मंगल संभव है। श्रुत का विकास करने के लिए यह पाठ्यक्रम है। इसका संचालन केंद्रीय संस्था करती है तब इसकी सार्थकता बढ़ जाती है। प्रचेताओं का उपयोग उपासक, ज्ञानशाला प्रशिक्षक आदि विभिन्न क्षेत्रों में किया जा सकता है। अपने क्षेत्र में सभी प्रचेता ज्ञान की चर्चा करें जिससे अन्य व्यक्ति भी लाभान्वित हो सके। अभातेममं समाज का कल्याण करता रहे तथा अपना भी विकास करे, यही मंगल कामना। श्रद्धेय आचार्यप्रवर ने अभातेममं द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों को ज्ञानयज्ञ कह कर संबोधित किया। इस अवसर पर C20 का Flag एवं दस्तावेज श्रीचरणों में निवेदित किया गया।

**द्वितीय सत्र**

द्वितीय सत्र का समायोजन श्रद्धेया साध्वीप्रमुखाश्री विश्रुतविभाजी के पावन सान्निध्य में राज भवन, शाहीबाग में किया गया। प्रमुखाश्रीजी ने नमस्कार महामंत्र से इस चरण की शुरुआत की। स्थानीय बहिनों ने मंगलभावना के संगान के साथ साध्वीप्रमुखाश्रीजी का अभिनन्दन किया। स्थानीय अध्यक्ष श्रीमती चांद छाजेड़ ने स्वागत वक्तव्य के द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अपने विचाराभिव्यक्ति में जैनधर्मोस्तु मंगलम् सेमिनार के उद्देश्य के बारे में विस्तृत जानकारी दी और साध्वीप्रमुखाश्रीजी के पद आरोहण पर इस श्रृंखला को उपहृत करते हुए आत्मतोष प्रकट किया।

'तत्त्वज्ञान, तेरापंथ दर्शन एवं जैन स्कॉलर पाठ्यक्रम से क्यों और कैसे जुड़ें?' विषय पर चीफ ट्रस्टी श्रीमती पुष्पा बैंगानी, महामंत्री श्रीमती मधु देरासरिया, ट्रस्टी श्रीमती कनक बरमेचा एवं राष्ट्रीय संयोजिका श्रीमती मंजू भूतोड़िया ने उपयोगी जानकारी प्रदान की। अभातेममं द्वारा संचालित समस्त पाठ्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी गई।

सत्र का संचालन स्थानीय मंत्री श्रीमती अनिता कोठारी एवं उपाध्यक्ष श्रीमती सुशीला खतंग ने किया।

**तृतीय सत्र**

तृतीय सत्र का प्रारंभ स्थानीय बहनों की सुमधुर गीतिका से हुआ। साध्वीप्रमुखाश्री विश्रुतविभाजी ने Understanding Jainism विषय पर अपने विशद विचार प्रस्तुत करते हुए फरमाया कि विज्ञान के अनेक सिद्धांत आज जैन दर्शन के सिद्धांतों से संबंधित हो रहे हैं। भगवान महावीर का षडजीवनीकाय का concept original था। रात्रि भोजन का त्याग विज्ञान के सिद्धांतों के अनुरूप है। जैन दर्शन द्वैत दर्शन है। हमें प्रतिदिन स्वाध्याय करने का लक्ष्य रखना चाहिए जिससे हम अपने ज्ञान को और भी विस्तृत कर सके। अपने एक घण्टे के प्रशिक्षण में साध्वीप्रमुखाश्रीजी ने सागर की गहराई से मोती निकालते हुए संभागियों के ज्ञान चेतना को विकसित किया।

## पूज्यप्रवर की पावन सन्निधि में अहमदाबाद में आयोजित

# जैनधर्मोस्तु मंगलम्





'जैन वाङ्मय - Applicability in Modern Era' विषय पर पद्मश्री डॉ. कुमारपाल देसाई ने अपने विचार रखते हुए बताया कि विज्ञान प्रयोगशाला में कार्य करता है, जबकि आचार्य प्रज्ञा की प्रयोगशाला में कार्य करते हैं। परस्परोपग्रह जीवानाम् – इस जैन सिद्धांत का विकास भावी पीढ़ी में करें जिससे जैनत्व का गौरव बढ़े। वक्तव्य के पूर्व आपका परिचय स्थानीय सहमंत्री श्रीमती संगीता चोपड़ा ने दिया।

'A to Z of Jainism' विषय पर अपने विचार रखते हुए श्री पुनीत जैन ने द्रव्य एवं भाव तत्त्व का विस्तृत विवेचन किया। अनेकांतवाद एवं स्याद्वाद की सरल भाषा में जानकारी प्रदान की। श्री पुनीत जैन के वक्तव्य के पूर्व रा.का.स. श्रीमती अदिति सेखानी ने आपका परिचय दिया।

अंत में साध्वीप्रमुखाश्रीजी ने प्रेरणा प्रदान करते हुए कहा कि सभी तत्त्व का सरलीकरण करें, स्वाध्याय करें, जिज्ञासा करें। बहनें अनवरत आगे बढ़ें और आगम पढ़ें।

कांकरिया क्षेत्र की बहनों में सुंदर गीतिका की प्रस्तुति दी। आभार ज्ञापन स्थानीय सहमंत्री श्रीमती सोनिया संघवी ने किया। सत्र का संचालन स्थानीय उपाध्यक्षा श्रीमती हेमलता परमार एवं स्थानीय प्रचार प्रसार मंत्री श्रीमती सरिता लोढ़ा ने किया।

इस सेमिनार में दिल्ली, मध्यप्रदेश एवं गुजरात के लगभग 50 क्षेत्रों से 900 बहनों की उपस्थिति रही। समस्त क्षेत्रों के शाखाओं को स्मृति चिन्ह एवं संभागियों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। साथ ही विशेष वक्ताओं एवं अभातेममं की पूरी टीम का अहमदाबाद तेममं ने सम्मान किया। अभातेममं ने कार्यक्रम की सुंदर समायोजना हेतु स्थानीय तेममं को सम्मानित किया एवं स्थानीय महिला मंडल तथा कन्या मंडल के कार्यों की सराहना की। सम्मान समारोह का संचालन श्रीमती प्रियंका बोथरा एवं स्थानीय कोषाध्यक्ष श्रीमती संगीता बांठिया ने किया।

**चतुर्थ सत्र**

अंतिम सत्र में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने 'जिज्ञासा आपकी – समाधान हमारा' के अंतर्गत बहुत ही सुंदर समाधान दिए। तत्त्वप्रचेता डॉ. रंजना मरोठी ने The theory of Karma विषय के अंतर्गत चौदह गुणस्थान पर आधुनिक परिप्रेक्ष्य में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

महामंत्री ने कर्मप्रकृति एवं कालूतत्त्वशतक पर सुंदर एवं रोचक प्रतियोगिता करवाई। अंत में कन्या मंडल द्वारा विभिन्न मॉडलों पर विशेष प्रस्तुति दी गई। कन्या मंडल द्वारा अहिंसा यात्रा एवं विभिन्न तात्विक विषय पर आधारित मॉडल सबके लिए आकर्षण का केंद्र बने।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यक्रम स्थानीय संयोजिका उपाध्यक्ष श्रीमती हेमलता परमार, श्रीमती सुशीला खतंग, श्रीमती सरिता लोढ़ा, श्रीमती प्रियंका बोथरा एवं पूरी टीम का सहयोग रहा।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीलम सेठिया, महामंत्री श्रीमती मधु देरासरिया, चीफ ट्रस्टी श्रीमती पुष्पा बैंगानी, संरक्षिका श्रीमती शान्ता पुगलिया, ट्रस्टी श्रीमती कनक बरमेचा, ट्रस्टी श्रीमती सूरज बरड़िया, ट्रस्टी श्रीमती प्रकाश तातेड़, ट्रस्टी श्रीमती बिमला दूगड़, परामर्शक श्रीमती बिमला नाहटा, उपाध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा, सहमंत्री श्रीमती निधि सेखानी, कन्या मंडल प्रभारी श्रीमती अर्चना भण्डारी, रा.का.स. श्रीमती शशिकला नाहर, श्रीमती मंजू भूतोड़िया, श्रीमती कुसुम बैंगानी, श्रीमती प्रभा घोड़ावत, श्रीमती अदिति सेखानी, श्रीमती माला कातरेला, श्रीमती सरिता गोठी, श्रीमती नीतू बैद एवं श्रीमती जयंती सिंघी की गरिमामय उपस्थिति रही।



अहमदाबाद तेममं अध्यक्ष श्रीमती चांद छाजेड़, मंत्री श्रीमती अनिता कोठारी एवं सम्पूर्ण टीम द्वारा सुनियोजित एवं सार्थक श्रम को अत्यन्त साधुवाद।

नारीलोक The Power

# The Power
## of Discipline

शिल्पशाला

हमारे जीवन में अनुशासन का बहुत गहरा महत्व है। अनुशासन ही सफलता की वह कुंजी है जिससे हम जीवन में विकास कर पाते हैं और सफलता के अनेक चरण हासिल कर पाते हैं। अनुशासन सभी के लिए बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि अनुशासित रहकर ही हम सफल और खुशहाल जीवन जी सकते है। सम्पूर्ण प्रकृति भी अनुशासन से बंधी हुयी है। सूर्य का एक ही दिशा में उदय और अस्त होना भी अनुशासन का ही प्रमाण है। चाँद, तारे, समुद्र आदि सबका अनुशासन है। इसी तरह यदि हम अनुशासित न रहें तब कुछ अप्रतीक्षित और विनाशक घटनाएँ घटित हो सकती है।

### Discipline क्या ?

- अनुशासन के दो प्रकार – आत्मानुशासन एवं बाह्य अनुशासन
- अनुशासन लक्ष्य और सफलता के मध्य सेतु है
- अनुशासन आत्म नियंत्रण बढ़ाता है
- अनुशासन प्रेरणादायी बनकर लक्षित मंजिल की ओर अग्रसर करता है
- अनुशासन दृढ़ता प्रदान करता है
- अनुशासन रचनात्मक गतिविधियों की ओर प्रेरित करता है

### Discipline के पांच स्तम्भ

- स्वीकृति
- इच्छाशक्ति
- परिश्रम
- लगन
- दृढ़ता

### Discipline के नियम


- स्पष्ट सोच
- दैनिक लक्ष्य निर्धारण
- दैनिक समय प्रबन्धन
- साहस एवं धैर्य
- उत्कृष्ट स्वास्थ्य
- कड़ी मेहनत
- लगातार सीखना
- अटलता

### Discipline विकसित करने के कारगर तरीके

- अपनी ताकत और कमजोरियों को जानें
- प्रलोभनों से दूर रहें
- स्पष्ट लक्ष्य सहित निष्पादन योजना बनाएं
- इच्छाशक्ति को परिष्कृत करें
- स्वयं को संपूर्ण मौका दें
- भरोसेमंद परामर्शदाता का चयन करें
- दैनिक परिश्रम का अभ्यास करें
- स्वयं को क्षमा करते हुए आगे बढ़ें

### Discipline की प्रक्रिया



**Practice**

जीवन में Discipline बनाए रखने के लिए इच्छाशक्ति दृढ़ रखने का अभ्यास करते रहें



**Repeat**

बाधाएं एवं अवरोध आने पर भी Discipline से स्वयं को हटाएं नहीं, अभ्यास की पुनरावृत्ति करते रहें



**Achieve**

Discipline की महत्ता को समझते हुए अन्तर्जागरण करें और लक्ष्य हासिल करते रहें

उपरोक्त बिन्दुओं को समाविष्ट करते हुए अपने क्षेत्र में The Power शिल्पशाला का आयोजन अप्रैल माह में अवश्य करें। इस शिल्पशाला में एक सामायिक का लक्ष्य अवश्य रखें।

कन्या मंडल

# उड़ान... उमंगों की

समता की साधना के शिखर पुरुष, अहिंसा, अपरिग्रह एवं अनेकांत के अग्रदूत तीर्थंकर प्रभु महावीर का 2662वाँ जन्म कल्याणक दिवस एवं अक्षय तृतीया अप्रैल माह में मनाएंगे। आज छोटी–छोटी बात पर असहिष्णुता दिखाई पड़ती है। लड़ाई झगड़े, दंगे–फसाद आम विषय हो गए हैं। वक्त की मांग है कि कोई महावीर धरती पर जन्म लेकर समूचे विश्व को सन्मार्ग दिखाए।

आओ मिल कर आओ, महावीर के जन्म दिवस पर उनके कुछ उपदेश सुनाओ।
कभी किसी से झूठ ना बोलो, सच के लिए अपना मुंह खोलो।
कभी न करो बुराई, मीठी वाणी में सबकी भलाई।
कभी कोई गलती कर जाओ माफी से मुक्ति पाओ।
सबसे मैत्री भाव अपनाओ क्षमा दो और क्षमा लो।
कभी न हिंसा किसी पर करना सब से ही मिल जुल कर रहना।
नहीं करना किसी का अपमान, ना मन में लाना क्रोध।
बातें यह अच्छे से समझना, अच्छाई के मार्ग पर चलना,
महावीर के शुभ वचनों का जीवन में सब पालन करना।

## करणीय कार्य - अप्रैल 2023 : E-Poster & Slogan Making

कन्याएं महावीर के उपदेश एवं उस उपदेश पर आधारित एक स्लोगन सहित ई–पोस्टर बनाएं।

नियम

1. Size : 14 cms x 20 cms (in portrait mode only)
2. File Format : JPG/JPEG in 300 dpi
3. पोस्टर के अनुरूप ही स्लोगन बनाएं।
4. स्लोगन ई–पोस्टर के साथ ही attach करें।
5. आपकी कल्पना और रचनात्मकता का परिचय दें।
6. प्रविष्टियां 5 मई 2023 तक 98100 11500 पर व्हाट्सएप्प करें।

## NURTURING FUTURE LEADERS

(Zoom Workshop)

अप्रैल माह की कार्यशाला

**जयपुर सी–स्कीम कन्या मंडल**
रविवार, दि. 9 अप्रैल 2023 को
प्रातः 11 से मध्यान्ह 12.30 बजे तक आयोजित
विषय – Affirmation
शब्दों की शक्ति (The Word Power)

**काठमांडू कन्या मंडल**
शनिवार, दि. 22 अप्रैल 2023 को
रात्रि 8 से 9.30 बजे तक आयोजित
विषय – Public Speaking
Express Yourself in Powerful Manner

## राष्ट्रीय कन्या अधिवेशन : 23-24-25 जुलाई 2023 - मुम्बई में

आचार्य श्री महाश्रमणजी की पावन सन्निधि में राष्ट्रीय कन्या अधिवेशन 23 जुलाई 2023 मध्यान्ह 12 बजे से 25 जुलाई 2023 मध्यान्ह 12 बजे तक मुम्बई में समायोजित है। स्वयं के उन्नयन की दिशा में गतिशील हों, इन्हीं शुभ भावनाओं के साथ अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल, तेरापंथी कन्याओं को कन्या अधिवेशन में आमंत्रित करता है। बड़े क्षेत्रों से 5 एवं छोटे क्षेत्रों से 3 कन्याएं ही भाग ले सकती है। प्रत्येक क्षेत्र से कन्या मंडल प्रभारी भी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। अधिवेशन में अधिकाधिक संख्या में क्षेत्र संभागी बन इसे ऐतिहासिक बनाएं। आपके क्षेत्र से आने वाले सदस्यों की सूचना कन्या मंडल प्रभारी श्रीमती अर्चना भण्डारी मो. 98100 11500 को शीघ्रातिशीघ्र भिजवाएं।

# INSPIRATHON

## Sheroes - A journey from Mass to Class

अपनी विद्वता, आत्मविश्वास, पुरुषार्थ और समय प्रबन्धन से जिन्होंने तेरापंथ समाज में ही नहीं वरन् पूरे देश में अपनी पहचान बनाई है इन SHEROES ने, जिनसे आज संपूर्ण समाज प्रेरणा ले सकता है। मिलते हैं विशिष्ट प्रतिभाशाली तेरापंथी महिलाओं से जिन्होंने समाज और देश का सम्मान बढ़ाया है। लीक से हट कर उपलब्धियां प्राप्त कर नारी का सम्मान बढ़ाया है।

### CA RITU S. JAIN

D/o Pushpa Ji - Roop Chand Ji Lalwani & D/L Sreechand ji Choradia



CA Ritu S Jain is FCA (All India Rank 43), BSc (Gold Medalist), DISA, Certificate in "Energy for Sustainable Development" Lund University, Sweden. She has more than 23 years of work experience. She started her career as a freelancer rendering financial consultancy services to private sector in 1993. She is blessed with both technical as well as financial skills.

In 2003, S.R. Corporate Consultant Private Limited (SR) started rendering services to the society for achieving sustainable development. In 2014, she promoted Vipul Vidhyut Private Limited which is engaged in generating solar power. She is also Partner/Promoter/Director in various companies and has vast experience in Energy, Finance, Management and Climate Change Sector.

**Professional Achievements**

She is providing consultancy for developing Biomass based projects and has promoted large-scale Solar Power Plant. She has developed Solar City Plans for Bilaspur, Vijaywada, Hubli-Dharwad and Kota. She has also developed Master Plan and DPR for developing Chhattisgarh as biofuel state.

**Literary Work & Paper Presentations**

She has presented countless technical papers in various leading universities and institutions. Apart from technical, she has also presented her viewpoints in social arena like TMM Raipur and have done English translation of "Rahasya Bhikhu Ke" a book written by Dr Muni Rajneesh Kumar Ji.

**Social Achievements**

- Chairperson of the Central India Chartered Accountant Student Association Raipur in 2002.
- Executive member of the managing committee of the Raipur branch of ICAI (2001-2003).
- Founder member TPF Raipur and Chairperson during 2012-14.
- National Vice President and President TPF East Zone 2015-17.
- Chairman - National Social Empowerment Project, 2018-19
- Editor - TPF Communique 2016-19.
- Vice President - All India Jain Journalist Association.
- National Vice President TPF 2020-22.
- JITO Business Network, SSB Convener, Apex 2021-22.
- JITO Ladies Wing, Financial Literacy & Skill Development Convener, Apex, 2022-24

**Awards & Recognition**

- Represented State in Dare to Dream Program of Zee News Network 2019
- "Woman Entrepreneur of the Year" by Entrepreneur Organisation on May 06, 2018
- "Woman Entrepreneur : Leading Change" by the ICAI at Pune during 27-28th August 2016.
- "Humkadam" Award by the Lions Club and Lioness Club Shikhar, Raipur in 2016.
- "KS Rao Memorial Award for excellence in RE sector" by Solar Energy Society of India, 2014.
- Honoured for Outstanding Performance in Renewable Field by BJP Mahila Morcha, Chhattisgarh in 2013.
- "Mahila Shakti Samman" by Chamber of Commerce, Ladies Wing, Chhattisgarh 2011.
- "The Outstanding Youth Award" by Lions Club, Raipur in 1998.

## विजयनगर, बेंगलुरु
## अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष

दि. 04.03.2023 को हिंदी दैनिक समाचार पत्र 'राजस्थान पत्रिका' एवं अभातेममं के संयुक्त तत्त्वावधान में तेममं विजयनगर बेंगलुरु द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीलम सेठिया की अध्यक्षता में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर समग्र विकास में महिलाओं का योगदान पर एक वैचारिक आदान-प्रदान मंच कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ नमस्कार महामंत्र के उच्चारण से हुआ। स्थानीय बहनों एवं कन्याओं ने प्रेरणा गीत का संगान किया। स्थानीय पूर्वाध्यक्ष श्रीमती कुसुम डांगी ने वक्तव्य द्वारा अतिथियों का स्वागत किया। स्थानीय अध्यक्ष श्रीमती प्रेम भंसाली ने संदेश के माध्यम से कार्यक्रम की आयोजना हेतु राष्ट्रीय अध्यक्ष के प्रति आभार व्यक्त किया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीलम सेठिया ने लाल पताका फहराते हुए कार्यक्रम का आगाज़ किया। पूर्व महामंत्री श्रीमती वीणा बैद, रा.का.स. श्रीमती लता जैन, श्रीमती संतोष गिड़िया एवं श्रीमती सरिता गोठी की गरिमामय उपस्थिति रही।

कार्यक्रम निर्देशिका पूर्व महामंत्री श्रीमती वीणा बैद ने कार्यक्रम के उद्देश्य के बारे में बताते हुए कहा कि वर्तमान परिवेश में भी महिलाओं को बाहर निकलकर कुछ करने एवं आगे बढ़ने के प्रति डर है, जिसे दूर करना अत्यन्त अपेक्षित है।

पैनलिस्ट भरतनाट्यम डांसर श्रीमती देवा नाहटा ने अपने अनुभव को साझा करते हुए कहा कि हर महिला में एक ऐसी शक्ति है जो घर परिवार ही नहीं संसार को भी गढ़ सकती है। पैनल से चित्रकार श्रीमती प्रमिला गिड़िया ने बताया कि किस प्रकार अपने चित्रों में विभिन्न रंगों को उकेरते हुए दुनिया में सकारात्मक विचारधारा हेतु प्रयासरत है। पैनलिस्ट इंटिरियर डिजाइनर एवं थेरेपिस्ट श्रीमती पूनम दूगड़, श्रीमती ममता मालू, बिजनेस वूमेन श्रीमती अंजू नाहटा, समाज सेविका श्रीमती सरोज गिड़िया, होम्योपैथिक डॉक्टर मनीषा चौपडा, दंत चिकित्सक डॉक्टर डिंपल सेठिया तथा विगन रेस्तरां से श्रीमती निधि नाहटा ने अपने-अपने अनुभव साझा किए। पायलट ट्रेइनी लिपिका पगारिया ने भी अपना अनुभव बताया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने 'नारी तुम केवल श्रद्धा नहीं हो' कविता के माध्यम से दिमाग को झकझोर देने वाले विचारों की प्रस्तुति देते हुए कहा कि आज की नारी हर क्षेत्र में अग्रणी है। हमें हमारी सोच को विकसित करना होगा और इसके लिए हर महिला को आगे बढ़ना होगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अभातेममं की ओर से तेममं विजयनगर बेंगलुरु को स्मृति चिन्ह प्रदान किया।

मुख्य वक्ता राजस्थान पत्रिका के संपादक श्री जिवेंद्र झा ने कहा कि हर युग के विकास में महिलाओं का सदैव योगदान रहा है। परन्तु आज भी अपेक्षा है कि प्रत्येक परिवार महिला विकास के प्रति जागरूक बने।

'खुला मंच' के अंतर्गत चर्चा परिचर्चा में प्रश्नोत्तर के आदान प्रदान में मुख्य भूमिका निभाई राजस्थान पत्रिका से श्री संतोष एवं श्रीमती वीणा बैद ने।

सभाध्यक्ष श्री प्रकाश गांधी एवं तेयुप उपाध्यक्ष श्री विकास बांठिया ने महिला दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की। मुख्य वक्ता एवं समस्त पेनेलिस्ट का सम्मान किया गया। संचालन स्थानीय उपाध्यक्ष श्रीमती महिमा पटावरी एवं आभार ज्ञापन किया स्थानीय मंत्री श्रीमती सुमित्रा बरडिया ने किया। कार्यक्रम में बेंगलुरु के समस्त मंडल अध्यक्ष, मंत्री तथा स्थानीय मंडल के सदस्य उपस्थित रहे।

### तत्त्वज्ञान/तेरापंथ दर्शन

तत्त्वज्ञान/तेरापंथ दर्शन के परिणाम अभातेममं की वेबसाइट www.abtmm.org पर प्रकाशित किए जा चुके हैं। समस्त उत्तीर्ण परीक्षार्थियों को हार्दिक बधाई।

चारित्रात्माओं हेतु तत्त्वज्ञान की परीक्षा व तत्त्वविज्ञ की परीक्षा 19 अगस्त एवं 22 अगस्त 2023 को आयोज्य है। तत्त्वविज्ञ के फार्म भरने की अंतिम तारीख 30 अप्रैल 2023 है। आपके क्षेत्र में जो भी चारित्रात्मा परीक्षा देना चाहें तो निर्देशक श्रीमती पुष्पा बैंगानी मो. 9311250290 या राष्ट्रीय संयोजिका श्रीमती मंजू भूतोड़िया मो. 9312173434 को सूचित करें।

### श्रुतोत्सव
### दीक्षान्त समारोह

परम श्रद्धेय आचार्यप्रवर की पावन सन्निधि में
मुम्बई में 26 जुलाई 2023 को
तत्त्वज्ञान / तेरापंथ दर्शन में उत्तीर्ण परीक्षार्थियों
हेतु श्रुतोत्सव दीक्षान्त समारोह समायोजित है।
अधिक जानकारी हेतु सम्पर्क करें
निर्देशक श्रीमती पुष्पा बैंगानी मो. 9311250290
या राष्ट्रीय संयोजिका
श्रीमती मंजू भूतोड़िया मो. 9312173434

## राजाजीनगर, बेंगलुरु

### 'मंजिलें... Reach the Unreached'
### क्षेत्रीय कार्यशाला

दि. 04.03.2023 को अभातेममं के तत्त्वावधान में तेममं राजाजीनगर द्वारा 'मंजिलें... Reach the Unreached' कार्यशाला का आयोजन किया। स्थानीय सदस्यों द्वारा नमस्कार महामंत्र उच्चारण एवं प्रेरणा गीत संगान के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

स्थानीय अध्यक्ष श्रीमती चेतना वेदमुथा ने अभातेममं के राष्ट्रीय अध्यक्ष, पदाधिकारी एवं सदस्यों का स्वागत किया। स्थानीय सभाध्यक्ष श्री रोशनलाल कोठारी, तेयुप अध्यक्ष श्री अरविंद गन्ना एवं अभातेयुप सदस्य श्री सतीश पोरवाड़ ने शुभकामनाएं प्रेषित की।

राजाजीनगर के ट्रेफिक पुलिस अधिकारी श्रीमती जयलक्ष्मी को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में प्रेरणा सम्मान द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भाजपा अध्यक्ष श्री मंजुनाथ भी उपस्थित थे। पूर्व महामंत्री श्रीमती वीणा बैद ने धन्यवाद के महत्त्व को समझाते हुए प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीलम सेठिया ने अभातेममं के विभिन्न आयामों की विस्तृत जानकारी दी एवं मंजिलें कार्यशाला को विभिन्न उदाहरण सहित समझाया। आम से खास बनने के कई तरीके सिखाए। सुव्यवस्थित एवं सुनियोजित कार्यक्रम समायोजना हेतु तेममं राजाजीनगर को साधुवाद प्रेषित किया।

परामर्शक श्रीमती लता जैन ने आचार्य तुलसी शिक्षा परियोजना की गहन जानकारी दी। रा.का.स. श्रीमती सरिता गोठी ने भावना सेवा के बारे में प्रस्तुति दी। इस अवसर पर राजाजीनगर एवं राजराजेश्वरी नगर की बहनें उपस्थित थी। संचालन स्थानीय उपाध्यक्ष श्रीमती उषा चौधरी ने तथा आभार स्थानीय मंत्री श्रीमती सीमा श्रीमाल ने ज्ञापित किया।

### आचार्य महाश्रमण फिज़ियोथेरेपी सेन्टर एवं कन्या सुरक्षा योजना

दि. 04.03.2023 को तेममं राजाजीनगर ने श्रीरामपुरम स्थित आचार्य तुलसी डायग्नोस्टिक सेन्टर के भीतर मानव सेवा के विशिष्ट उपक्रम आचार्य महाश्रमण फिज़ियोथेरेपी सेन्टर एवं कन्या सुरक्षा बेंच का उद्घाटन जैन संस्कार विधि से करवाया। स्थानीय अध्यक्ष श्रीमती चेतना वेदमुथा ने स्वागत स्वर उकेरते हुए सभी का अभिनन्दन किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीलम सेठिया ने स्थानीय तेममं द्वारा संपादित कार्यों की सराहना की। तेयुप अध्यक्ष श्री अरविंद गन्ना ने शुभकामनाएं प्रेषित की। पूर्व महामंत्री श्रीमती वीणा बैद, रा.का.स. श्रीमती लता जैन, तेरापंथ ट्रस्ट उपाध्यक्ष श्री अशोक चौधरी आदि की गरिमामय उपस्थिति रही।

फिज़ियोथेरेपी उपकरण के सौजन्यकर्त्ता श्रीमती बिमला निधि सेखानी (मुम्बई-सूरत) का हार्दिक आभार।

### FEED THE MIND
### पाठशाला पुस्तकालय परियोजना

दि. 04.03.2023 को तेममं राजाजीनगर ने सरकारी हायर प्राइमरी स्कूल में Feed the Mind के तहत लाइब्रेरी का उद्घाटन राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीलम सेठिया की अध्यक्षता में किया। इस अवसर पर रा.का.स. श्रीमती लता जैन एवं श्रीमती सरिता गोठी की गरिमामय उपस्थिति रही। स्थानीय अध्यक्ष श्रीमती चेतना वेदमुथा ने स्वागत किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पुस्तकालय के महत्त्व को बताया और उपयुक्त स्थान पर लाइब्रेरी संचालन हेतु स्थानीय मंडल को बधाई प्रेषित की। विद्यालय प्रधानाचार्या श्रीमती रामलक्ष्मम्मा ने अपने विचार रखते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष का सम्मान किया। पुस्तकालय हेतु टेबल, कुर्सी, अलमारी, किताबें आदि प्रदान की गई। कार्यक्रम का संचालन स्थानीय कोषाध्यक्ष श्रीमती सोनल मेहता ने किया। आभार स्थानीय सहमंत्री श्रीमती सुनीता कोठारी ने ज्ञापित किया।

## जसोल

### FEED THE MIND
### पाठशाला पुस्तकालय परियोजना

दि. 17.03.2023 को अभातेममं के तत्त्वावधान में तेममं जसोल द्वारा आदर्श विद्या मंदिर स्कूल में फीड द माइंड परियोजना के अन्तर्गत पुस्तकालय का उद्घाटन किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीलम सेठिया की अध्यक्षता में वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा, महामंत्री श्रीमती मधु देरासरिया, कन्या मंडल प्रभारी श्रीमती अर्चना भंडारी, रा.का.स. श्रीमती माला कातरेला एवं श्रीमती विनीता बैंगानी एवं क्षेत्रीय प्रभारी श्रीमती सारिका वागरेचा की गरिमामय उपस्थिति रही। सिवांची मालानी अध्यक्ष श्री डूंगर सालेचा, मंत्री श्री कांतिलाल ढेलड़िया, स्थानीय तेयुप अध्यक्ष श्री तरुण भंसाली ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम को गरिमा प्रदान की।

स्थानीय बहनों एवं कन्याओं द्वारा मंगलाचरण किया गया। स्थानीय अध्यक्ष श्रीमती सोहनीदेवी सालेचा ने उपस्थित अतिथिगण का स्वागत किया। कन्या मंडल सयोजिका सुश्री कुनिका बागमार एवं प्रधानाचार्य श्री राजेंद्र पाल ने अपने भावों की अभिव्यक्ति दी।

महामंत्री एवं श्रीमती माला कातरेला ने वक्तव्य के माध्यम से अपने भावों की प्रस्तुति दी। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने प्रतिबोधित करते हुए पुस्तकों को ज्ञान प्राप्ति का सरल व अच्छा साधन बताया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने तेममं जसोल को सुव्यवस्थित लाइब्रेरी एवं पाठ्य सामग्री हेतु साधुवाद संप्रेषित किया। स्थानीय सहमंत्री श्रीमती सुमन कोठरी ने आभार ज्ञापित किया एवं स्थानीय उपाध्यक्ष श्रीमती नीतू सालेचा ने संचालन किया।

'कन्या सुरक्षा स्तंभ' और 'उर्वी मुखरित दिवारें' का राष्ट्रीय टीम द्वारा अवलोकन किया गया।

# बालोतरा

## 'क्षितिज... असीम संभवनाओं के' आंचलिक कार्यशाला

दि. 17.03.2023 को शासनश्री साध्वीश्री सत्यप्रभाजी के सान्निध्य में अभातेमम के तत्त्वावधान में तेमम बालोतरा ने मारवाड़ आंचलिक स्तरीय क्षितिज कार्यशाला का आयोजन किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीलम सेठिया की अध्यक्षता में उपाध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा, महामंत्री श्रीमती मधु देरासरिया, कन्या मंडल प्रभारी श्रीमती अर्चना भण्डारी, रा.का.स. श्रीमती माला कातरेला एवं श्रीमती विनीता बैंगानी एवं क्षेत्रीय प्रभारी श्रीमती सारिका वागरेचा की गरिमामय उपस्थिति रही। मारवाड़ के 13 क्षेत्रों से लगभग 425 महिलाएं एवं कन्या उपस्थित रही।

नमस्कार महामंत्र के उच्चारण सहित कार्यक्रम की शुरुआत हुई। स्थानीय बहनों द्वारा अतिथियों का विशेष अंदाज में स्वागत किया गया। स्थानीय तेमम ने मंगलाचरण एवं स्वागत गीतिका की रचनात्मक प्रस्तुति की। स्थानीय अध्यक्ष श्रीमती निर्मलादेवी संकलेचा ने स्वागत वक्तव्य प्रस्तुत किया और बालोतरा महिला मंडल द्वारा सम्पादित कार्यों की जानकारी दी। साध्वीप्रमुखाश्रीजी के संदेश का वाचन श्रीमती सारिका वागरेचा ने किया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने क्षितिज विषय पर अपने सारगर्भित वक्तव्य में बताया कि सूर्योदय व सूर्यास्त का विशेष महत्त्व इसीलिए है कि इसका संबंध ऊर्जा से है। महिलाएं भी अपने भीतर छिपी असीम ऊर्जा को विकसित करें। 'शासनश्री' साध्वीश्री सत्यप्रभाजी ने प्रेरणा प्रदान की। साध्वीश्री यशस्वीप्रभाजी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। महामंत्री ने बहुत ही सुंदर तरीके से विषय का प्रतिपादन किया। उपाध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा ने Grow Gratitude विषय पर अपनी अभिव्यक्ति दी। मुख्य अतिथि नगर परिषद् सभापति श्रीमती सुमित्रा वेदमेहता, सभाध्यक्ष श्री धनराज ओस्तवाल ने अपने विचार व्यक्त किए।

द्वितीय सत्र में समूह चर्चा 'कल आज और कल' में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने प्रश्नोत्तर के माध्यम से बहनों में परिचर्चा की। महामंत्री एवं उपाध्यक्ष द्वारा प्रैक्टिकल ट्रेनिंग भी दी गई। स्थानीय तेमम द्वारा रोचक तरीके से मंगलाचरण व Grow Gratitude की प्रस्तुति दी। सुश्री आरवि श्रीश्रीमाल ने भी रोचक प्रस्तुति दी।

तृतीय सत्र में महिलाओं की समस्त जिज्ञासाओं का समाधान दिया गया। 'खुला मंच' में बहनों को संविधान एवं मंडल के संचालन की प्रक्रिया के सन्दर्भ में अनेक जिज्ञासाओं का निवारण किया गया। तत्पश्चात् शाखा मंडल किस तरह सजगता एवं जागरूकता से आगे बढ़ सकता है तथा बहनें स्वयं को कैसे विकास के मार्ग पर प्रशस्त करें, इस पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने गहन प्रशिक्षण दिया।

अभातेमम द्वारा तेमम बालोतरा को सफलतम आयोजन हेतु स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। संचालन स्थानीय मंत्री श्रीमती संगीता बोथरा एवं स्थानीय उपाध्यक्ष श्रीमती रानी बाफना ने किया।



## जागरूकता रैली द्वारा अहिंसात्मक जीवन शैली का संदेश

दि. 17.03.2023 को अहिंसक जीवनशैली के तहत अहिंसा जागरूकता दुपहिया रैली का आयोजन तेमम बालोतरा द्वारा किया गया। छोटे-छोटे कार्यों से होने वाली हिंसा के प्रति लोगों को जागरूक करने का संदेश दिया गया।

स्थानीय अध्यक्ष श्रीमती निर्मलादेवी संकलेचा ने अहिंसात्मक जीवन शैली अपनाने की प्रेरणा दी। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अहिंसात्मक जीवन शैली के साथ-साथ जनता को कन्या सुरक्षा, कन्या बचाओ और कन्या विकास की प्रेरणा दी। सम्पूर्ण दुपहिया वाहन हिंसा vs अहिंसा के पोस्टर से सुसज्जित थे।

रैली में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा, महामंत्री श्रीमती मधु देरासरिया, कन्या मंडल प्रभारी श्रीमती अर्चना भंडारी, क्षेत्रीय प्रभारी श्रीमती सारिका वागरेचा, रा.का.स. श्रीमती माला कातरेला एवं श्रीमती विनीता बैंगानी की गरिमामय उपस्थिति रही। 151 महिलाओं एवं कन्याओं ने इस रैली में उत्साह से भाग लिया।

## FEED THE MIND
## पाठशाला पुस्तकालय परियोजना

दि. 17.03.2023 को तेमम बालोतरा द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक प्राथमिक संस्कृत विद्यालय में Feed the Mind परियोजना के तहत पुस्तकालय का उद्घाटन राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीलम सेठिया की अध्यक्षता में हुआ।

स्थानीय अध्यक्ष श्रीमती निर्मलादेवी संकलेचा ने सभी का स्वागत किया। विद्यार्थियों द्वारा राष्ट्रीय टीम का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। बच्चों ने महाप्राण ध्वनि, नमस्कार महामंत्र, स्वच्छ भारत पर सुंदर गीत प्रस्तुति एवं विविध संकल्प किए। लाइब्रेरी निर्माण से बच्चों में प्रसन्नता एवं उत्साह की लहर दृष्टिगोचर हो रही थी।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पुस्तकालय के महत्त्व के बारे में बताते हुए बच्चों को सप्ताह में एक किताब पढ़ने की प्रेरणा दी। उपयुक्त स्थान पर लाइब्रेरी संचालन हेतु स्थानीय मंडल को बधाई प्रेषित की। प्रधानाचार्य श्री समयसिंह गुर्जर ने विचार व्यक्त करते हुए स्थानीय मंडल के कार्यों की सराहना की। पुस्तकालय के लिए दो टेबल, चार कुर्सी, किताबों के लिए अलमारी और लगभग 500 किताबें अनुदानित की गई।

इस अवसर पर कन्या मंडल प्रभारी श्रीमती अर्चना भंडारी, क्षेत्रीय प्रभारी श्रीमती सारिका वागरेचा, रा.का.स. श्रीमती विनीता बेंगानी, नगर परिषद् सभापति श्रीमती सुमित्रा वेदमेहता की गरिमामय उपस्थिति रही। श्रीमती चंदा बालड़ का सार्थक सहयोग प्राप्त हुआ। संचालन स्थानीय मंत्री श्रीमती संगीता बोथरा ने किया। अध्यापकगण सहित लगभग डेढ़ सौ बच्चे उपस्थित थे।

## बालोतरा

### कन्या सुरक्षा योजना



दि. 17.03.2023 को तेमम बालोतरा द्वारा 11 बैचों का उद्‌घाटन राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीलम सेठिया की अध्यक्षता में किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने नमस्कार महामंत्र का उच्चारण किया एवं स्थानीय मंडल को बधाई प्रेषित करते हुए कन्या सुरक्षा योजना की महत्ता को उजागर किया। स्थानीय अध्यक्ष श्रीमती निर्मलादेवी संकलेचा ने सभी का स्वागत अभिनंदन किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा, महामंत्री श्रीमती मधु देरासरिया, कन्या मंडल प्रभारी श्रीमती अर्चना भंडारी, क्षेत्रीय प्रभारी श्रीमती सारिका वागरेचा, रा.का.स. श्रीमती माला कातरेला एवं श्रीमती विनीता बैंगानी की गरिमामयी उपस्थिति रही।



### प्रेस कान्फ्रेन्स

दि. 17.03.2023 को तेमम बालोतरा द्वारा आयोजित प्रेस कान्फ्रेन्स में राष्ट्रीय अध्यक्ष नीलम सेठिया ने अभातेमम द्वारा जनजागृति का कार्य किए जाने की बात कही। भारत सरकार द्वारा अभातेमम को जी–20 सी–20 के अन्तर्गत सौंपी गई महत्त्वपूर्ण जिम्मेदारी के तहत स्वच्छता, पर्यावरण रक्षा, जल संरक्षण आदि विषय पर किए जा रहे कार्यों की जानकारी प्रदान की। अभातेमम द्वारा स्थाई एवं अस्थाई परियोजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर उपाध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा, महामंत्री श्रीमती मधु देरासरिया, कन्या मंडल प्रभारी श्रीमती अर्चना भंडारी, क्षेत्रीय प्रभारी श्रीमती सारिका वागरेचा, रा.का.स. श्रीमती माला कातरेला एवं श्रीमती विनीता बैंगानी सहित स्थानीय अध्यक्ष, मंत्री एवं अन्य पदाधिकारी भी मौजूद थे। राजस्थान पत्रिका, दैनिक भास्कर, दैनिक नवज्योति आदि अखबार के 12 पत्रकार उपस्थित थे।

### टर्निंग पाइंट कार्यशाला

turning point

दि. 17.03.2023 को अभातेमम के तत्त्वावधान में तेकम बालोतरा द्वारा 'शासनश्री' साध्वीश्री सत्यप्रभाजी के सान्निध्य में Turning point कार्यशाला का दो सत्रों में आयोजन किया गया।

प्रथम सत्र का शुभारंभ कन्याओं द्वारा मंगलाचरण से हुआ। रा.का.स. श्रीमती विनीता बैंगानी ने कन्याओं को गेम खिलाया एवं क्षेत्रीय प्रभारी श्रीमती सारिका वागरेचा ने कन्याओं को मोटिवेट किया। कन्या प्रभारी श्रीमती अर्चना भंडारी ने कन्याओं को महिला मंडल व कन्या मंडल के इतिहास के बारे में बताया। द्वितीय सत्र में कन्याओं द्वारा 'आपकी अदालत' संवाद की अति सुन्दर प्रस्तुति दी गई जिसमें करणीय कार्य के टॉप 3 कार्यों को दर्शाया गया। पचपदरा कन्या मंडल ने भी अपनी प्रस्तुति दी।

राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीलम सेठिया ने भी कन्याओं को टर्निंग पॉइंट विषय पर उद्‌बोधन दिया और अनमोल बात कही कि कन्याएं अपने माता पिता को जो बता सके वह उनके लिए सही है और जो बात कहने में हिचकिचाहट हो वह उनके लिए गलत है। महामंत्री श्रीमती मधु देरासरिया ने भी कन्याओं को प्रोत्साहित किया। कन्या प्रभारी श्रीमती अर्चना भंडारी ने टर्निंग पॉइंट को कैसे पहचाना जाए और उसे कैसे अपनाया जाए विषय पर विवेचना की। 'शासनश्री' साध्वी सत्यप्रभाजी ने मंगल उद्‌बोधन प्रदान करवाया।

कार्यशाला में उपाध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा, क्षेत्रीय प्रभारी श्रीमती सारिका वागरेचा, रा.का.स. श्रीमती माला कातरेला एवं श्रीमती विनीता बैंगानी सहित स्थानीय मंत्री श्रीमती संगीता बोथरा एवं स्थानीय कन्या मंडल प्रभारी श्रीमती श्वेता सालेचा उपस्थित थी।




### उर्वी मुखरित दीवारें

दि. 17.03.2023 को राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीलम सेठिया की अध्यक्षता में तेकम बालोतरा द्वारा बनवाई गई 'उर्वी... मुखरित दीवारें' का अनावरण किया गया। बालोतरा कन्या मंडल द्वारा दीवारों पर अति सुन्दर रंगों एवं रचनात्मक चित्रों सहित बहुत ही सुन्दरता से शहर के सौन्दर्यकरण में अभिवृद्धि करते हुए स्वच्छ भारत अभियान का संदेश दिया। कन्या मंडल प्रभारी श्रीमती अर्चना भंडारी, क्षेत्रीय प्रभारी श्रीमती सारिका वागरेचा, रा.का.स. श्रीमती विनीता बैंगानी, नगर परिषद चेयरपर्सन श्रीमती सुमित्रा जैन, स्थानीय पदाधिकारी, स्थानीय तेयुप अध्यक्ष श्री संदीप ओस्तवाल सहित कई गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही।

**जैनधर्मोस्तु मंगलम्**

जैनधर्मोस्तु मंगलम्
सेमिनार शृंखला की
अगली कड़ी का कार्यक्रम
मुनिश्री जिनेशकुमारजी की
पावन सन्निधि में
तेमम पूर्वांचल कोलकाता
द्वारा 27 अप्रैल 2023 को
आयोज्य है।

## पचपदरा

### 'मंजिलें... Reach the Unreached'
### क्षेत्रीय कार्यशाला

दि. 16.03.2023 को साध्वीश्री गुप्तिप्रभाजी के पावन सान्निध्य में अभातेमम के तत्त्वावधान में तेमम पचपदरा द्वारा 'मंजिलें' कार्यशाला का आयोजन हुआ। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीलम सेठिया की अध्यक्षता में उपाध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा, महामंत्री श्रीमती मधु देरासरिया, रा.का.स. श्रीमती माला कातरेला एवं क्षेत्रीय प्रभारी श्रीमती सारिका वागरेचा की गरिमामय उपस्थिति रही।

साध्वीश्रीजी ने नमस्कार महामंत्र से कार्यशाला का शुभारंभ किया। स्थानीय महिलाओं एवं कन्याओं द्वारा मंगलाचरण किया गया। स्थानीय अध्यक्ष श्रीमती विजया चोपड़ा ने स्वागत भाषण दिया। कन्या मंडल सह संयोजिका सुश्री प्रतीक्षा कांकरिया ने तेकमं पचपदरा द्वारा गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। सरपंच श्रीमती पूजा राठौड़ ने कन्या सुरक्षा सर्कल, भ्रूण हत्या एवं नारी शक्ति के बारे में बताया। कन्या मंडल प्रभारी श्रीमती कीर्ति चोपड़ा ने अपने भावों की अभिव्यक्ति दी।

साध्वीश्री भावितयशाजी, साध्वीश्री मौलिकयशाजी ने स्वीकार, तालमेल, इत्यादि के बारे में बताते हुए तत्त्व ज्ञान हेतु जागरूक होने की प्रेरणा दी। साध्वीश्री कुसुमलताजी ने आगम का स्वाध्याय कर अपने आपको ज्ञानवान बनाने की प्रेरणा दी। साध्वीश्री गुप्तिप्रभाजी ने नारी समाज को विकासशील बनने की मार्मिक प्रेरणा दी।

राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीलम सेठिया ने 'मंजिलें' कार्यक्रम का प्रारूप रखते हुए सभी बहनों को आत्मनिर्भर बनने और तत्त्व ज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाने का निवेदन किया। महामंत्री श्रीमती मधु देरासरिया ने बहनों को सही लक्ष्य प्राप्त करने की प्रेरणा दी। उपाध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा ने भीतरी शक्ति को पहचानते हुए उसे जागृत करने की प्रेरणा दी। कन्या मंडल प्रभारी श्रीमती अर्चना भंडारी ने जीने की कला सीखने की प्रेरणा दी। रा.का.स. श्रीमती माला कातरेला ने महिला एवं कन्या मंडल को सशक्त बनने की प्रेरणा दी।

स्थानीय मंत्री श्रीमती ममता खतंग ने आभार ज्ञापित किया एवं कन्या मंडल संयोजिका सुश्री रूपेंदु ने संचालन किया।




### उर्वी
### मुखरित दीवारें

दि. 16.03.2023 को राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीलम सेठिया की अध्यक्षता में तेकमं पचपदरा द्वारा बनाई गई 'उर्वी : मुखरित दीवारें' का अनावरण किया गया। उर्वी मुखरित दीवारें के अन्तर्गत तेकमं पचपदरा की प्रभारी, संयोजिका, सहसंयोजिका और सभी कन्याओं ने मिलकर स्वयं अपने हाथों से स्वच्छता, Green India और वृक्षारोपण के संदेश सहित दीवारों पर कलाकृति बनाई। कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित उपाध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा, महामंत्री श्रीमती मधु देरासरिया, कन्या मंडल प्रभारी श्रीमती अर्चना भंडारी, रा.का.स. श्रीमती माला कातरेला एवं क्षेत्रीय प्रभारी श्रीमती सारिका वागरेचा की गरिमामय उपस्थिति रही। राष्ट्रीय टीम ने कन्याओं के इस प्रयास की अत्यधिक सराहना की एवं शहर के सौन्दर्यकरण में अभिवृद्धि करने हेतु स्थानीय कन्या मंडल को साधुवाद प्रेषित किया।



### कन्या सुरक्षा योजना

तेमम पचपदरा द्वारा निर्मित आचार्य महाश्रमण कन्या सुरक्षा स्तंभ का उद्घाटन भव्य रैली संग राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीलम सेठिया ने नमस्कार महामंत्र के मंगल स्मरण के साथ ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती पूजा राठौड़ सहित उद्घाटन किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने इस स्तंभ के ध्येय वाक्य को जीवन में ग्रहण करने की प्रेरणा दी। उपाध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा, महामंत्री श्रीमती मधु देरासरिया, कन्या मंडल प्रभारी श्रीमती अर्चना भंडारी, रा.का.स. श्रीमती माला कातरेला एवं क्षेत्रीय प्रभारी श्रीमती सारिका वागरेचा की गरिमामय उपस्थिति रही।

स्थानीय सभा मंत्री श्री मुकेश चोपड़ा, अणुव्रत समिति उपाध्यक्ष श्री महेश खतंग, श्री ओमप्रकाश ढेलड़िया आदि कई गणमान्य व्यक्तियों ने उपस्थिति दर्ज करवा कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

### शाखा मंडल के ध्यानार्थ

समस्त शाखा मंडल स्थानीय स्तर पर
15 जून 2023 से 15 जुलाई 2023 के मध्य अधिवेशन
आयोजित कर चुनाव/मनाव सम्पन्न अवश्य कराएं।
चुनाव/मनाव की प्रकिया पूर्णतया संवैधानिक हो,
इसका विशेष ध्यान रखा जाए।

अधिवेशन पश्चात् नए अध्यक्ष एवं मंत्री के नाम,
पते एवं मोबाइल नंबर सहित
सहमंत्री श्रीमती निधि सेखानी मो. 98796 33133
को अतिशीघ्र संप्रेषित करने का लक्ष्य रखें।

## गुरुग्राम

### आचार्य महाश्रमण फिज़ियोथैरेपी सेन्टर

दि. 26.03.2023 को अभातेममं के तत्त्वावधान में तेममं गुरुग्राम द्वारा 'आचार्य महाश्रमण फिज़ियोथेरेपी सेंटर' का उद्‌घाटन सेवा धाम में विधायक श्री सुधीर सिंगला एवं राष्ट्रीय चीफ ट्रस्टी श्रीमती पुष्पा बैंगानी द्वारा किया गया। इस अवसर पर रा.का.स. श्रीमती मंजू भूतोड़िया, श्रीमती कुसुम बैंगानी और क्षेत्रीय प्रभारी श्रीमती सुनीता जैन की गरिमापूर्ण उपस्थिति रही।

अभातेमम केंद्रीय समिति सदस्यों के सामूहिक नमस्कार महामंत्र उच्चारण से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। तेममं गुरुग्राम की बहनों द्वारा प्रेरणा गीत का संगान हुआ। स्थानीय अध्यक्ष श्रीमती रूबी बापना ने उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत-अभिनंदन किया।

चीफ ट्रस्टी ने तेममं गुरुग्राम के कार्यों की सराहना कर उत्प्रेरित किया। अभातेममं से पधारी वरिष्ठ टीम ने सेवा धाम द्वारा संचालित सभी सेवा कार्यों की जानकारी प्राप्त की। श्रीमती सुनीता जैन ने सदन को अभातेममं की महत्त्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी दी।

मुख्य अतिथि विधायक श्री सुधीर सिंगला ने अभातेममं योजनाओं की सराहना करते हुए भविष्य में सभी तरह के सहयोग का आश्वासन दिया। विशिष्ट अतिथि JITO के गुरुग्राम चेयरमेन श्री अनिल जैन ने महिला मंडल के सभी कार्यों की जानकारी कर उसमें सदैव सहयोग देने की इच्छा ज़ाहिर की।

स्थानीय सभा निवर्तमान अध्यक्ष श्री प्रकाश जैन, सभा मंत्री श्री राजेश कोठारी, तेप्रोफो अध्यक्ष श्री विनोद बापना, तेप्रोफो नॉर्थ जोन के श्री अजय संचेती, तेयुप अध्यक्ष श्री राकेश चोपड़ा आदि की गरिमामय उपस्थिति रही। संचालन श्रीमती साक्षी बोथरा ने किया। आभार ज्ञापन श्रीमती मधु बोथरा ने किया। उपकरण के सौजन्यकर्त्ता श्रीमती बिमला निधि सेखानी (मुम्बई-सूरत) का हार्दिक आभार।

## सेलम

### आचार्य महाश्रमण फिज़ियोथैरेपी सेन्टर

दि. 24.03.2023 को अभातेममं के तत्त्वावधान में तेममं सेलम द्वारा 'आचार्य महाश्रमण फिज़ियोथेरेपी सेंटर' का उद्‌घाटन अन्ना प्रायमरी हेल्थ सेंटर में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीलम सेठिया की अध्यक्षता में किया गया। रा.का.स. श्रीमती माला कातरेला, श्रीमती मंजुला डूंगरवाल एवं श्रीमती शालिनी लूंकड़ की गरिमामय उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के पूर्व साध्वीश्री गवेषणाश्रीजी से मंगलपाठ श्रवण किया गया एवं फिज़ियोथेरेपी सेंटर के बेनर का अनावरण किया गया।

मुख्य अतिथि मेयर श्री रामचन्द्रन, विशिष्ट अतिथि मुनिसिपल नगरपालिका श्री क्रिस्तुराज एवं नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. योगनाथ ने भी अपनी गरिमापूर्ण उपस्थिति दर्ज की। विभिन्न संभागों के आठ काउंसलर की भी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ नमस्कार महामंत्र के उच्चारण से हुआ। स्थानीय अध्यक्ष श्रीमती सुनीता बोहरा ने उपस्थित सभी का अभिनंदन एवं स्वागत किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने तेममं सेलम को इस कार्य हेतु साधुवाद प्रेषित किया। मेयर ने तेममं सेलम के इस कार्य की सराहना करते हुए बधाई प्रेषित की। रा.का.स. श्रीमती माला कातरेला ने तमिळ भाषा में अपने भावों की अभिव्यक्ति दी।

इस अवसर पर स्थानीय सभाध्यक्ष श्री राजेश भंसाली, तेयुप अध्यक्ष श्री तरूण दानी, श्री वीरेन्द्र सेठिया सहित तेममं एवं तेयुप के सदस्यों की सराहनीय उपस्थिति रही। संचालन श्रीमती शालिनी लूंकड़ एवं धन्यवाद ज्ञापन स्थानीय मंत्री श्रीमती सरिता चोपड़ा ने किया।

उपकरण के सौजन्यकर्त्ता श्रीमती बिमला निधि सेखानी (मुम्बई-सूरत) का हार्दिक आभार।

### आचार्य महाश्रमण फिज़ियोथैरेपी सेन्टर

ईस्लामपुर (बिहार), सेलम (तमिलनाडु), सूरत (गुजरात), सिलीगुड़ी (पश्चिम बंगाल),
गुरुग्राम (उत्तर प्रदेश), बेहाला कोलकाता (पश्चिम बंगाल), काठमांडू (नेपाल), राजाजीनगर बेंगलुरु (कर्नाटक),
फारबिसगंज (बिहार) एवं बालोतरा (राजस्थान) क्षेत्र में
आचार्य महाश्रमण फिजियोथेरेपी सेन्टर हेतु मशीन/उपकरण सौजन्यकर्त्ता

**जेठमल जीवराज सेखानी 'एकता' (बीदासर)**
**श्रीमती बिमलाजी श्रीमती निधिजी सेखानी**
**मुम्बई - सूरत (बीदासर)**
**Pioneer Embroideries Ltd., Mumbai**
का हार्दिक आभार

## लाडनूँ में अमृतम् सभा मंच का लोकार्पण




दि. 17.03.2023 को 'शासन माता' कनकप्रभाजी की प्रथम वार्षिक पुण्य तारीख पर स्थानीय सेठ सूरजमल उच्च माध्यमिक बालिका विद्यालय में 'शासन गौरव' साध्वीश्री कल्पलताजी, सेवा केंद्र व्यवस्थापिका साध्वीश्री लक्ष्यप्रभाजी, साध्वीश्री सुनन्दाश्रीजी, साध्वीश्री स्वस्तिकप्रभाजी, समणी मधुरप्रज्ञाजी एवं अन्य चारित्रात्माओं के सान्निध्य में तेममं लाडनूँ द्वारा नवनिर्मित अमृतम् सभा मंच का लोकार्पण समारोह आयोजित हुआ।

ध्यातव्य है इस विद्यालय में ही 'शासन माता' ने अपनी प्रारंभिक स्कूली शिक्षा प्राप्त की थी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ट्रस्टी डॉ. सूरज बरडिया और मुख्य वक्ता उपाध्यक्ष श्रीमती विजयलक्ष्मी भूरा की गरिमामय उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ 'शासन गौरव' साध्वीश्री कल्पलताजी के नमस्कार महामंत्र उच्चारण से हुआ। स्थानीय अध्यक्ष श्रीमती प्रीति घोषल ने स्वागत वक्तव्य प्रस्तुत किया। स्कूल प्रधानाचार्य श्री नारायण सिंह रेगर ने सभी का स्वागत किया।

डॉ. सूरज बरडिया ने अपने भावों की अभिव्यक्ति देते हुए अमृतम् सभा मंच को उपयोगी बताया। श्रीमती विजयलक्ष्मी भूरा, तहसीलदार श्री सुरेंद्र भास्कर ने भी अपने भावों की अभिव्यक्ति में महिला मंडल की सराहना करते हुए आज के दिन को ऐतिहासिक दिन बताया।

'शासन गौरव' साध्वीश्री कल्पलताजी ने लगभग गत 50 वर्षो से महिला मंडल का सिंचन करते हुए उसे वटवृक्ष का आकार दिया। लोकार्पण के अवसर पर सर्वप्रथम उन्होंने 'शासन माता' को भावांजलि अर्पित की। उन्होंने फरमाया कि शिक्षण संस्थान में इस प्रकार का मंच विद्यार्थियों के शैक्षणिक एवं रचनात्मक विकास में सहायक सिद्ध हो सकते हैं।

साध्वीश्री लक्ष्यप्रभाजी और समणी मधुरप्रज्ञाजी ने 'शासन माता' को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए अपने भावों की अभिव्यक्ति दी। समस्त वक्ताओं ने आज के अवसर पर 'शासन माता' को अपनी भावांजलि समर्पित की। इस अवसर पर सुश्री माणकबाई, पूर्व रा.का.स. श्रीमती शोभा दूगड़ एवं कन्या मंडल की उपस्थिति रही।

स्थानीय मंत्री श्रीमती नीता नाहर ने आभार व्यक्त किया एवं संचालन सुश्री कमलाबाई कठोतिया ने किया। कार्यक्रम में स्थानीय संस्थाओं के पदाधिकारियों सहित तेममं लाडनूँ के कार्यसमिति सदस्यगण तथा नगर के गणमान्य व्यक्ति काफी अच्छी संख्या में उपस्थित रहे।

## काव्यामृतम् काव्यशाला

गत माह अनेक प्रविष्टयां प्राप्त हुई। आपके सुन्दर शब्द चयन एवं सार्थक श्रम बेहद अनुमोदनीय है। आप सबकी सृजन क्षमता को साधुवाद। इस क्षमता का विकास निरंतर करना है और अपनी लेखनी को और अधिक समृद्ध बनाने का प्रयास करते रहना है।

### 'महिला सशक्तिकरण' थीम पर चयनित कविता

नारी जिस पर रहती सदा परिवार की जिम्मेदारी।
मकान को घर बनाने में चाहती सबकी साझेदारी।
सृजनशील, संस्कार निर्मात्री, नारी ही नर की खान।
नूतन चिंतन से भरती सदैव हौंसलों की ऊंची उड़ान।
सशक्त हो नारी तो खुलती, संभावनाओं की क्यारी।
जिनमें अनूठे रंग भरकर दिखा सकेगी वो चित्रकारी।
वात्सल्य की छांव तले पूरे परिवार की है वो धुरी।
हर गम को छुपाकर सब के चेहरे पर लाती खुशी।
कंधे से कंधा मिला पुरुष संग बढ़ रहे हैं नारी के कदम।
कुरीतियों पर प्रहार करने जगना होगा उसको अविलम्ब।
लक्ष्मी, दुर्गा, सरस्वती हर रूप है तुममें समाया।
बनकर मजबूत, सभी रिश्तों को तुमने निभाया।
असीम क्षमताएं हैं तुममें बस उजागर होनी है बाकी।
उदात्त सोच, अथक परिश्रम से होगा परिवर्तन भारी।
अब भी विविध क्षेत्रों में हो रहा है तुम्हारा इंतजार।
उठो! घर –परिवार–समाज– राष्ट्र को दो नव आकार।।

आरती धाड़ेवाल, काठमांडू

मई माह में आचार्यप्रवर की दीक्षा का 50वां वर्ष प्रारंभ हो रहा है। इस अवसर पर उनके संयम पर्याय की अनुमोदना सहित काव्य सृजन करते हुए अपनी रचनाएं भेजें। नारीलोक के अगले अंक में चयनित 10 कविताओं को प्रकाशित किया जाएगा।

थीम: **अमृत पुरुष का अमृत महोत्सव**

* काव्यामृतम् काव्यशाला फेसबुक ग्रुप पर आप स्वयं पोस्ट कर सकते हैं।
* उपरोक्त थीम पर 20 अप्रैल 2023 तक प्राप्त प्रविष्टियां ही मान्य होगी।
* कविता अधिकतम 16 पंक्तियों की ही मान्य होगी।

काव्यामृतम् काव्यशाला का फेसबुक ग्रुप है :–
www.facebook.com/groups/418110360344800/

# FEED THE MIND
## पाठशाला पुस्तकालय परियोजना

अभातेममं का प्रयास – हर विद्यार्थी का हो शिक्षा में विकास। इस उद्देश्य की आपूर्ति हेतु FEED THE MIND- Library प्रोजेक्ट का कार्यान्वयन देश भर में विभिन्न शाखाओं द्वारा किया जा रहा है। शाखा मंडल द्वारा उद्घाटित लाइब्रेरी का पिछले अंक से जारी विवरण :–

| शाखा | विद्यालय का नाम | लाभान्वित विद्यार्थी |
|---|---|---|
| सैंथिया | सैंथिया हिन्दी स्कूल | |
| गंगाशहर | शांति बाल विद्या निकेतन | 300 |
| गंगाशहर | बोथरा स्कूल | 1450 |
| गंगाशहर | भट्टड़ स्कूल | 600 |
| गंगाशहर | सार्थक स्कूल | 190 |
| गंगाशहर | करणानी स्कूल | 400 |
| गंगाशहर | अरुणोदय स्कूल | 350 |
| गंगाशहर | बांठिया स्कूल | 550 |
| गंगाशहर | महात्मा गांधी स्कूल | 250 |
| गंगाशहर | आदर्श विद्या मन्दिर स्कूल | 225 |
| गंगाशहर | भारतीय आदर्श विद्या मन्दिर स्कूल | 450 |
| गंगाशहर | केन्द्रीय कारागृह | 250 |
| गंगाशहर | राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय | 300 |
| राजाजीनगर बेंगलुरु | सरकारी हायर प्राइमरी स्कूल | 200 |
| जसोल | आदर्श विद्या मंदिर | 300 |
| बालोतरा | राजकीय उच्च माध्यमिक प्राथमिक संस्कृत विद्यालय | 300 |

## शृंखलाबद्ध मौन

आध्यात्मिक प्रवृत्तियां

शृंखलाबद्ध मौन में कई क्षेत्रों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता दर्ज कराई है। भविष्य में भी इसी रूप में उत्साह प्रदर्शित करते हुए अन्य शाखाएं भी इस महायज्ञ में अपनी आहूति देते हुए अध्यात्म की राह में प्रशस्त होंगी, ऐसा पूर्ण विश्वास है। गत माह शृंखलाबद्ध मौन में संबद्ध होने वाली शाखाएं इस प्रकार हैं :–

### फरवरी-मार्च माह में शृंखलाबद्ध मौन

26 फरवरी – हैबरगांव – 18
27 फरवरी – गांधीधाम – 30
28 फरवरी – मालदा – 06
01 मार्च – अजमेर – 13
02 मार्च – नंजनगुड़ – 03
03 मार्च – सेमड़ – 03
04 मार्च – लूणकरणसर – 96
05 मार्च – मदुरै – 09
06 मार्च – तुसड़ा – 02
07 मार्च – गुस्कारा – 01
08 मार्च – मण्डी गोबिन्दगढ़ – 02
09 मार्च – विजयनगरम् – 85
10 मार्च – शिलांग – 02
11 मार्च – मेंगलोर – 01
11 मार्च – नेपालगंज – 07
12 मार्च – महेन्द्रगढ़ – 03
13 मार्च – राजनंदगांव – 05
14 मार्च – राजराजेश्वरी नगर – 07
15 मार्च – पटना जंक्शन – 18
16 मार्च – तिरुवन्नामलै – 06
17 मार्च – बेहाला – 11
18 मार्च – पिंपरी चिंचवड़ – 15
19 मार्च – हुन्सुर – 02
20 मार्च – जलगांव – 16
21 मार्च – बीकानेर – 11
22 मार्च – चेन्नई – 35
23 मार्च – धोईन्दा – 09
24 मार्च – रायपुर – 37
25 मार्च – सैंथिया – 03

शृंखलाबद्ध मौन में तिथि आरक्षण हेतु Google Form Link :
https://forms.gle/RmgAXfRe3sVS3oGK7 (Touch the link to open Google Form)
अधिक जानकारी हेतु सम्पर्क करें संयोजिका श्रीमती जयंती सिंघी मो. 86906 66015

# ज्ञान चेतना प्रश्नोत्तरी?

## अप्रेल 2023

सन्दर्भ पुस्तक : 'शासन माता' द्वारा रचित 'गणं सरणं गच्छामि' (प्रथम अध्याय)

### संक्षिप्त में उत्तर दीजिए, उत्तर का अन्तिम अक्षर ने होगा

1. भगवान महावीर के निर्वाण के बाद उनके धर्मसंघ का शासनसूत्र किसने संभाला?
2. देवर्धिगणी क्षमाश्रमण के दिवंगत होने के बाद किसने आक्रामक मुद्रा धारण कर ली ?
3. विक्रम की सोलहवीं शताब्दी में आचार की विशुद्धि के लिए शंखनाद किसने किया?
4. विक्रम संवत् 1709 में ढूंढिया सम्प्रदाय का उद्भव किसने किया?
5. इस समय कितने साधु है। ये किसने पूछा ?
6. धर्म और अधर्म का मिश्रण नहीं हो सकता ये किसने कहा?
7. आचार्य श्री महाश्रमण जी के सक्षम नेतृत्व में किसने विकास के अनेक नए क्षितिज उन्मुक्त किए है?
8. किसने साधना या मोक्ष की आराधना के विषय में स्त्री और पुरुष के बीच कोई भेद नहीं किया?
9. किसने विषम परिस्थितियों में भी अपनी बुद्धि की धार को भोंथरा नहीं होने दिया?
10. तेरापंथ में साहित्य के क्षेत्र में कुछ नई विधाओं को जन्म किसने दिया?

### रिक्त स्थान की पूर्ति करें

11. अभिनिष्क्रमण के बाद उनकी पहली रात ठाकुर ........................ की छत्री में बीती।
12. आचार की निर्मलता उनकी ........................ का मूलभूत आधार था।
13. आचारविषयक शिथिलता आचार्य भिक्षु की धर्मक्रान्ति में मूलभूत ........................ थी।
14. संयम धर्म है, ........................ धर्म नहीं है।
15. तेरापंथ ........................ का नया संस्करण है।
16. जितना बड़ा सपना, उतना अधिक ........................ ।
17. साध्वी प्रमुखा इस नाम का चयन आचार्य श्री ........................ ने किया।
18. ........................ के क्षेत्र में तेरापंथ एक उदाहरण है।
19. आचार्य भिक्षु की भगवान ........................ के प्रति अनन्य आस्था थी।
20. नीति और मर्यादा के प्रति यह आस्था ही तेरापंथ की ........................ का रहस्य है।

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें संयोजिका श्रीमती निर्मला चण्डालिया मो. 9819418492

Email : nirmalachandaliya@gmail.com

प्रविष्टि भेजने की अन्तिम तिथि : 20 अप्रैल 2023

Google Form Link : https://forms.gle/LDeQZMvXRS5oowr46 (Click here to go to Google Form)

### मार्च 2023 प्रश्नोत्तरी के सही उत्तर

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 01. ✓ | 02. × | 03. × | 04. ✓ | 05. ✓ |
| 06. × | 07. ✓ | 08. × | 09. ✓ | 10. ✓ |
| 11. तुलसी | 12. मोक्ष | 13. सप्तभंगी | 14. तपोबल | 15. आवेश |
| 16. विशाल | 17. अनुशासन | 18. त्रैकालिक | 19. वर्तमान | 20. साहस |

### मार्च2023 प्रश्नोत्तरी के भाग्यशाली विजेता

1. सुशीला बोकाड़िया, पूर्वांचल कोलकाता
2. तारा राखेचा, नेपाल
3. उषा आर. बोहरा, चेन्नई
4. पंछी चपलोत, राजनगर
5. निर्मला कांकरिया, कोयम्बत्तूर
6. मंजू नौलखा, उधना
7. नीलम रांका, दौलतगढ़
8. श्रीदेवी सेठिया, भीनासर
9. लक्ष्मीदेवी जैन, हीरियूर
10. नंदिनी गर्ग, पटियाला

## अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल को

### प्रदत्त सहयोग एवं प्रेरणा से प्राप्त अनुदान हेतु हार्दिक आभार

| ₹3,11,000 | ₹3,00,000 | ₹2,00,000 | ₹1,00,000 | ₹51,000 |
|---|---|---|---|---|
| तेरापंथ महिला मंडल बालोतरा (भावना सेवा मासिक) | तेरापंथ महिला मंडल राजाजीनगर बेंगलुरु (भावना सेवा मासिक) | कल्याण मित्र परिवार श्री सुरेशजी श्रीमती लताजी गोयल कोलकाता | श्रीमती गुलाबदेवी धर्मपत्नी : श्री पदमचंदजी पटावरी (मोमासर – राजसमंद) के 75 वर्ष संपूर्ति पर (भावना सेवा) | तेरापंथ महिला मंडल दलखोला |

| | |
|---|---|
| ₹25,000 | श्री मंजूनाथ, बेंगलुरु – भाजपा कर्नाटक अध्यक्ष |
| ₹21,000 | तेरापंथ महिला मंडल, पचपदरा |
| ₹21,000 | तेरापंथ महिला मंडल, जसोल |
| ₹21,000 | तेमम अध्यक्ष बालोतरा श्रीमती निर्मलादेवी संकलेचा की ओर से श्री डूंगरचंद अनिलकुमार संकलेचा द्वारा सप्रेम भेंट |
| ₹11,000 | तेरापंथ महिला मंडल, जबलपुर |

## अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल

Awakening APRIL 2023 — चैत्र–वैशाख — वि.सं. 2080

| SUN | MON | TUE | WED | THU | FRI | SAT |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 30 भ.महावीर केवलज्ञान कल्याणक, 14वां पदाभिषेक दिवस — वैशाख सुद 10 | | | | | | 1 चैत्र सुद 11 |
| 2 चैत्र सुद 12 | 3 महावीर जयंती, आचार्य भिक्षु मासिक तेरस — चैत्र सुद 13 | 4 चैत्र सुद 13 | 5 पक्खी प्रतिक्रमण — चैत्र सुद 14 | 6 पूर्णिमा | 7 World Health Day — वैशाख वद 1 | 8 वैशाख वद 2 |
| 9 वैशाख वद 3 | 10 वैशाख वद 4 | 11 वैशाख वद 5–6 | 12 वैशाख वद 7 | 13 वैशाख वद 8 | 14 वैशाख वद 9 | 15 वैशाख वद 10 |
| 16 14वां महाप्रयाण दिवस — वैशाख वद 11 | 17 वैशाख वद 12 | 18 वैशाख वद 13 | 19 वैशाख वद 14 | 20 पक्खी प्रतिक्रमण — अमावस्या | 21 वैशाख सुद 1 | 22 वैशाख सुद 2 |
| 23 अक्षय तृतीया — वैशाख सुद 3 | 24 वैशाख सुद 4 | 25 वैशाख सुद 5 | 26 वैशाख सुद 6 | 27 वैशाख सुद 7 | 28 वैशाख सुद 8 | 29 62वां जन्मदिवस — वैशाख सुद 9 |

**बढ़ते कदम फहराएं परचम**

- World Health Day पर आरोग्यम्
- आ. महाश्रमण जन्मदिवस – महाश्रमण अष्टकम् प्रतियोगिता
- महावीर जयंती – महावीर जीवन पर नाट्य प्रस्तुति
- The Power मासिक शिल्पशाला


पंजीकृत कार्यालय : 'रोहिणी', अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल, लाडनूं (राज.) 341306

**मधु देरासरिया**
कृष एन्क्लेव
F/102, सिटीलाइट
सूरत 395 007. (गुजरात)
मो. 9427133069
Email : madhujain312@gmail.com
महामंत्री कार्यालय

नारीलोक देखने हेतु
Touch to open
www.abtmm.org
Touch to open
www.facebook.com/abtmmjain/
Touch to open
https://bit.ly/abtmmyoutube

**रंजु लुणिया**
लुणिया मार्केटिंग प्रा. लि.
बड़ा बाजार, छेरा बस स्टॉप के पास
शिलोंग 793 001. (मेघालय)
मो. 9436103330
Email: lmplshillong@gmail.com
कोषाध्यक्ष कार्यालय